**VASHISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**

**(Academic Session: 2026-27)**

**Date: ________ Class: 4 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi**

**Name: ________________________________________ Revision Worksheet: No. 3**

**पाठ – 3. जब मैं पढता था**

**प्रश्न 1. उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :**

**{ स्वास्थ्य इनाम, आचरण, चार बजे }**

क. अपने **आचरण** की मुझे चिंता रहती थी।

ख. खुली हवा में घूमना **स्वास्थ्य** के लिए लाभकारी होता है।

ग. एक शनिवार को **शाम चार** बजे व्यायाम के लिए जाना था।

घ. **इनाम** या छात्रवृत्ति पाने पर मुझे आश्चर्य होता था।

**प्रश्न 2. पंक्तियाँ पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

हमारे मुख्याध्यापक......................................................................................... भी बहुत जरूरी है।

क. मुख्याध्यापक ने क्या अनिवार्य कर दिया था?

**उत्तर :** मुख्याध्यापक ने व्यायाम और क्रिकेट को अनिवार्य कर दिया था।

ख. लेखक को किस गलती का अनुभव हुआ ?

**उत्तर :** लेखक को व्यायाम के प्रति अरुचि की गलती का अनुभव हुआ।

ग. पढ़ने के साथ-साथ क्या जरूरी है?

**उत्तर :** पढ़ने के साथ-साथ व्यायाम भी जरूरी है।

घ. पंक्तियों में आए संयुक्त व्यंजनवाले शब्द चुनकर लिखिए-

**उत्तर :** मुख्याध्यापक, कक्षा, व्यायाम।

**प्रश्न 3. संक्षेप में उत्तर लिखिए :**

क. गांधी जी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

**उत्तर :** गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ।

ख. कृष्णशंकर कौन थे ?

**उत्तर :** कृष्णशंकर संस्कृत के शिक्षक थे।

ग. संस्कृत के शिक्षक और फ़ारसी के शिक्षक में क्या अंतर था ?

**उत्तर :** संस्कृत के शिक्षक कड़े मिजाज के थे जबकि फ़ारसी के शिक्षक नरम दिल के थे।

घ. मातृभाषा के अतिरिक्त और कौन-सी भाषाएँ हमें जाननी चाहिए ?

**उत्तर :** मातृभाषा के अतिरिक्त हिंदी, संस्कृत, फ़ारसी, अरबी और अंग्रेजी भाषाएँ जाननी चाहिए।

**प्रश्न 4. कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

क. गांधी जी का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

**उत्तर :** गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को पोरबंदर (गुजरात) में हुआ था। उनके पिता का नाम करमचंद गांधी और माता का नाम पुतलीबाई था। उन्होंने जीवनभर देश की सेवा की। उन्हें राष्ट्रपिता भी कहा जाता है।

ख. बालकों को चित्रकला क्यों सिखानी चाहिए ?

**उत्तर :** चित्रकला से अक्षर सुंदर बनते हैं। जिस तरह पक्षियों, वस्तुओं आदि को देखकर बालक उन्हें याद रखता है और आसानी से पहचानता है, उसी तरह जब चित्रकला सीखकर चित्र बनाने लगे तभी अक्षर पहचानना और लिखना सीखे तो अक्षर भी सुंदर बनेंगे। इसलिए बालकों को चित्रकला सिखाना चाहिए।

ग. गांधी जी कृष्णशंकर मास्टर का उपकार क्यों मानते हैं ?

**उत्तर :** गांधी जी कृष्णशंकर मास्टर का उपकार इसलिए मानते थे क्योंकि उन्होंने गांधी जी को संस्कृत भाषा का ज्ञान कराया जिससे वे संस्कृत शास्त्रों का रस ले पाए।

घ. भाषा किस प्रकार सीखी जा सकती है?

**उत्तर :** भाषा पद्धतिपूर्वक सीखी जा सकती है। जब एक भाषा शास्त्रीय पद्धतिपूर्वक सीख ली जाती है तो उसके लिए दूसरी भाषा का ज्ञान सुलभ हो जाता है।

ङ पढ़ने के साथ-साथ व्यायाम करना क्यों जरूरी है ? अपने विचार लिखिए।

क. एक जगह बैठे रहने से शरीर का विकास रुक जाता है। शरीर के विकास के लिए व्यायाम ज़रूरी होता है। व्यायाम करने से जहाँ एक ओर शरीर स्वस्थ रहता है वहीं दूसरी ओर मन प्रसन्न होता है। शरीर में सकरात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए पढ़ने के साथ-साथ व्यायाम करना भी जरूरी होता है।

**प्रश्न – नीचे दिए गए शब्दों में 'अ' को जोड़कर विलोम शब्द लिखिए :**

क. रूचि - **अरुचि**

ख. सावधान - **असावधान**

ग. सत्य - **असत्य**

घ. क्षर - **अक्षर**

ङ सहनीय - **असहनीय**

च. न्याय - **अन्याय**